कोटद्वार, शनिवार
26 अप्रैल 2025
वर्षः 47
अंकः 8 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बाबा केदारनाथ की डोली यात्रा का शुभारंभ 27 से

देहरादून । बाबा केदारनाथ की पञ्च मुखी विग्रह डोली यात्रा के अवसर पर विगत वर्षों की भांती इस वर्ष भी मुख्य सेवक भंडारे का आयोजन 27 अप्रैल से 2 मई तक किया जा रहा है। सत्ताइस अप्रैल को सुबह आठ बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यात्रा का शुभारंभ करते हुए हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों की टोली को रवाना करेंगे। इसका नेतृत्व युवा नेता हिमांशु चमोली और उनकी टीम करेगी। इसके बाद भंडारा दल भानियावाला में जलपान और श्रीनगर स्थित आनंद इंटरनेशनल स्कूल में दोपहर भोजन करते हुए, शाम को गुप्तकाशी पहुंचेगा। यहां रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था होगी। अगले दिन 28 अप्रैल को सुबह गुप्तकाशी से उखीमठ के लिए प्रस्थान होगा। सुबह 7 बजे से भंडारे की सेवा आरंभ होगी। शाम को डोली के साथ पुनः गुप्तकाशी में भंडारे का आयोजन और रात्रि विश्राम होगा। 29 अप्रैल को सुबह गुप्तकाशी में भंडारा सेवा के बाद दल फाटा के लिए प्रस्थान करेगा और वहां शाम को विश्राम करेगा। 30 अप्रैल की सुबह फाटा में सेवा के बाद सभी सदस्य वाहनों के माध्यम से गौरीकुंड पहुंचेंगे। यहां से पदयात्रा कर बाबा केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा। शाम को सभी सदस्य केदारनाथ पहुंचकर रात्रि भोजन करेंगे और वहीं विश्राम करेंगे। एक मई को सुबह योग सत्र और स्वच्छता अभियान का आयोजन होगा। शाम को बाबा केदार की डोली का भव्य स्वागत और रात्रि भोजन के साथ दिन का समापन होगा। दो मई को सुबह बाबा केदारनाथ के कपाट खुलने के पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### गोदाम में रखे एक करोड़ से अधिक सामान पर विवाद, केस दर्ज

देहरादून । महिला उद्यमी ने तीन लोगों पर जबरन ऑफिस में घुसने, जान से मारने की धमकी देने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए डालनवाला कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। मामला एक करोड़ से अधिक के कारोबारी लेन–देन से जुड़ा है।

पूजा अग्रवाल निवासी राजपुर रोड ने तहरीर दी। कहा कि वह ऑनलाइन कॉस्मेटिक बिजनेस प्राइमों एस्थैटिक (सैलूनकार्ट) का संचालन करती हैं। उनका कंपनी से संबंधित माल गुरजीत सिंह के भाई के गोदाम में रखा गया था। गुरजीत सिंह से उनका तकरीबन 1 से 1.5 करोड़ रुपये का व्यावसायिक विवाद चल रहा है। आरोप है कि तीन जनवरी 2025 को गुरजीत के कथित भेजे गए दो व्यक्ति दीपक सिंघल और राकेश उनके ईसी रोड स्थित ऑफिस में जबरन घुस आए। आरोपियों ने पीड़िता को धमकाया। विरोध करने पर दोनों ने अश्लील भाषा में गाली–गलौज की और गुरजीत से सेटलमेंट का दबाव बनाया। घटना यहीं नहीं रुकी। ऑफिस से निकलने के बाद जब वह अपनी कार से घर की ओर रवाना हो रही थीं, तो एक सफेद दिल्ली नंबर की इनोवा गाड़ी में सवार दीपक और राकेश ने उनकी कार को रोक लिया। राकेश उनकी गाड़ी में घुस गया और गुरजीत सिंह की ओर से मांगी जा रही रकम देने की धमकी देने लगा। दीपक ने पिस्टल दिखाते हुए धमकी दी कि इसको चलाने में देर नहीं लगेगी। पूजा अग्रवाल ने तहरीर में कहा है कि उन्होंने पहले तो इस घटना को नजरअंदाज कर दिया। आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से उनके घर और ऑफिस के आसपास संदिग्ध लोग घूमते पाए गए हैं। जो उनके पति और बेटी के बारे में पूछताछ कर रहे हैं।

### फाटा के पास बाइक सवार की मौत

रुद्रप्रयाग । केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बैरांगना फाटा के समीप देर रात्रि एक बाइक सवार की सड़क पर गिर जाने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि करीब 8:30 बजे बैरांगना फाटा के समीप बड़े मोड पर एक बाइक अनियंत्रित हो गिर गई, जिसमें बाइक सवार शादाब पुत्र शमीम उम्र 35 वर्ष नजीमाबाद, बिजनौर निवासी सड़क पर गिर गया, जिसके उसके सिर पर गंभीर चोट आई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार गुप्तकाशी की ओर जा रहा था जबकि घटनास्थल पर मोड होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर फाटा चौकी पुलिस पहुंची।

# पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकी आदिल के घर में ब्लास्ट

### दूसरे आतंकी के मकान पर चला बुलडोजर

पहलगाम ,जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शामिल आतंकी आसिफ शेख के घर विस्फोट होने की खबर सामने आई है। जबकि दूसरे संदिग्ध के घर को बुलडोर से गिराया गया है।

दक्षिण कश्मीर के गुरी के एक गांव में सुरक्षा बलों ने चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान हुए विस्फोट से एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को कुछ संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं। खतरे को भांपते हुए सुरक्षा बलों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीछे हट गए। हालांकि, पीछे हटने के कुछ ही देर बाद एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिससे घर को भारी नुकसान पहुंचा। बताया जा रहा है कि यह घर पहलगाम हमले में शामिल आतंकी आदिल का था। वहीं, दक्षिण कश्मीर के त्राल में पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े



लश्कर आतंकी आसिफ शेख का घर

ध्वस्त कर दिया गया। घर को जम्मू–कश्मीर प्रशासन ने बुलडोजर से गिराया है। इससे इस बात का संदेह हो रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले की साजिश लंबे समय से रची जा रही थी। सुरक्षा बलों को आशंका है कि मौके पर और विस्फोटक सामग्री हो सकती है, इसलिए पूरे क्षेत्र को सील कर तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

### जम्मू–कश्मीर में तोड़ी जा रही आतंकियों की कमर, सेना ने मार गिराया लश्कर का बड़ा कमांडर

नई दिल्ली , पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना एक्शन मोड में है। इस बीच सेना ने बंदीपोरा में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लश्कर–ए–तैयबा के कमांडर अल्ताफ लल्ली को मुठभेड़ में मार गिराया है। पहलगाम में हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों का स्कैच भी जारी किया गया है। पहलगाम अटैक की जिम्मेदारी भी लश्कर से जुड़े द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी। बुधवार को आतंकवादियों ने 26 मासूम पर्यटकों को गोलियों से भून दिया था। 22 अप्रैल को हुए नरसंहार के बाद से ही घाटी में भारतीय सेना ने अभियान तेज कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना सेना को मिली थी। इसके बाद जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर साझा तलाशी अभियान चलाया गया। लोकेशन का पता लगने के बाद आतंकियों के साथ लंबी मुठभेड़ भी हुई।

### पाकिस्तान ने कबूली आतंकियों को पनाह देने की बात

इस्लामाबाद ,आतंकवाद के समर्थन के आरोपों का सामना कर रहे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान ने आतंकियों को पाला है। यह बयान जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकवादी हमले के बाद आया है, जिसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जब आसिफ से पूछा गया कि क्या वह यह मानते हैं कि आतंकवादी संगठनों को फंड देने और प्रशिक्षण देने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास रहा है, तो उन्होंने जवाब दिया, ह्यहम यह गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए तीन दशकों से कर रहे हैं। वह गलती थी और हम इसके कारण भुगत रहे हैं। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि इंटरव्यू के दौरान उन्होंने लश्कर–ए–तैयबा के अस्तित्व से इनकार किया और द रेजिस्टेंस फंट के बारे में जानकारी न होने की बात कही। उन्होंने कहा, ह्यलश्कर पुराना नाम है। यह अब नहीं है। इस बीच, पाकिस्तान ने भारत के साथ शिमला समझौते और अन्य द्विपक्षीय समझौतों को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही सभी प्रकार के व्यापार पर रोक लगा दी गई और भारतीय एयरलाइन के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया। पाकिस्तान ने यह भी कहा कि सिंधु जल संधि के तहत उसके हिस्से के पानी के प्रवाह को रोकने या मोडने का कोई भी प्रयास युद्ध के समान माना जाएगा। पाकिस्तान ने वाघा सीमा चौकी को भी बंद कर दिया है,

# पहलगाम हमला : ब्रिटिश पीएम ने प्रधानमंत्री मोदी को किया फोन

### ● कहा– भारत के लोगों के साथ खड़ा है यूके





नई दिल्ली ,पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में कड़ी निंदा हो रही है। विश्व के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर न सिर्फ हमले की निंदा कर रहे हैं बल्कि भारत के लिए अपना समर्थन भी जता रहे हैं। शुक्रवार को ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कोफ ने पीएम मोदी से बात की।

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारतीय धरती पर हुए जघन्य आतंकी हमले में मारे गए निदोष लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस बर्बर आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि ब्रिटेन इस दुखद घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है।

एक अन्य पोस्ट में विदेश मंत्रालय ने बताया, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कोफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए दुखद व अमानवीय सीमा पार आतंकी हमले पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के सभी रूपों व अभिव्यक्तियों को खारिज किया ।

पोस्ट में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्थन और एकजुटता के लिए पीएम स्कोफ को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए नीदरलैंड के साथ मिलकर काम करने को तत्पर है। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को ही जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि दुख की इस घड़ी में फ्रांस भारत और उसके लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने लिखा, मैंने मंगलवार को हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के बारे में अपने समकक्ष नरेंद्र मोदी से बात की, हमले में दर्जनों निदोष नागरिकों की दुखद मौत हो गई। दुख की इस घड़ी में फ्रांस भारत और उसके लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

# मुख्यमंत्री ने किया आइकॉनिक सिटी ऋषिकेश राफ्टिंग बेस स्टेशन का शिलान्यास

## ऋषिकेश में बहुमंजिला कार पार्किंग और कार्यालय भवन निर्माण का भी किया शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत आइकॉनिक सिटी ऋषिकेश राफ्टिंग बेस स्टेशन का शिलान्यास किया। परियोजना के पहले चरण में इसका निर्माण शिवपुरी से मुनी की रेती तक किया जाएगा। भारत सरकार के द्वारा इसके लिए 100 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गयी है, परियोजना को 02 वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में बहुमंजिला कार पार्किंग और कार्यालय भवन निर्माण का भी शिलान्यास किया। नगर निगम ऋषिकेश की भूमि पर बहुमंजिला कार पार्किंग और कार्यालय निर्माण का कार्य लगभग 136 करोड़ रूपये की लागत से एमडीडीए द्वारा किया जायेगा। लगभग 10 हजार 441 वर्ग मी. भूमि पर 1038 वाहनों के लिए बहुमंजिला पार्किंग और नगर निगम ऋषिकेश, जल संस्थान ऋषिकेश और यूपीसीएल के कार्यालयों के लिए भवन निर्माण किया जायेगा। पार्किंग और कार्यालय निर्माण में अग्निशमन सुरक्षा, आधुनिक सीसीटीवी, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम के साथ ही वर्षा जल संचय, सोलर लाइट, लिफ्ट, हरित क्षेत्र और अन्य कार्य किये जायेंगे। नगर निगम ऋषिकेश के अन्तर्गत लगभग 01 करोड़ 51 लाख के विभिन्न कार्यों का भी मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण मित्रों को मेडिकल किट और यात्री मित्र किट भी प्रदान किये।




### पहलगाम के बाद सिक्किम में पर्यटकों पर आई आफत, 1000 लोगों की जान सांसत में

गंगटोक ,सिक्किम में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुई है। इस भूस्खलन से उत्तरी सिक्किम में करीब 1,000 पर्यटक फंस गए हैं।?वहां पर अभी भी भारी बारिश हो रही है।?स्थानीय प्रशासन की ओर से स्थिति को सामान्य करने की कोशिश जारी है।?कल चुंगथांग में करीब 200 पर्यटकों की गाडियां फंसी हुई थी। खराब मौसम और सडक् यातायात में आ रही परेशानी की वजह से अधिकारियों ने आज उत्तरी सिक्किम के लिए पहले से निर्धारित सभी ट्रैवल परमिट रद्द कर दिए हैं। पहले जारी किए गए अग्रिम परमिट भी अमान्य घोषित कर दिए गए हैं। लाचुंग और लाचेन हिल स्टेशन हैं, जो गुरुडोंगमार झील और युमथांग घाटी के कारण अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई है। सिक्किम में अगली सूचना तक पर्यटकों के आने पर रोक लगा दी गई है। उनके ट्रैवल परमिट भी रद्द कर दिए गए हैं।

# उत्तराखंड के पौड़ी में स्कूली बच्चों से भरी वैन खाई में गिरी

### दो की हालत गंभीर, देहरादून एयरलिफ्ट

पौड़ी। जनपद पौड़ी में दो सड़क हादसों में चालक सहित दो की मौत हो गई है। चार घायल बच्चों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। पांच बच्चों व ओमनी चालक का जिला अस्पताल पौड़ी में उपचार चल रहा है।

जबकि दोनों हादसों के छह घायलों को मेडिकल कालेज श्रीनगर के बेस अस्पताल रेफर किया गया है। जहां से पैठाणी हादसे के दो और पौड़ी हादसे के एक घायल को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया है। तीन का उपचार चल रहा है। शुक्रवार को जनपद पौड़ी में दो सड़क हादसे हुए। इनमें पहला सड़क हादसा थाना पैठाणी के पैठाणी–चौंरीखाल मोटर मार्ग पर मलुंड लगा देवखोली के समीप एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। दो बच्चों सहित तीन को जिला अस्पताल पौड़ी रेफर किया गया। जिनमें एक महिला ने जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही दमतोड़ लिया था। हादसे में घायल दो बच्चों को रांसी स्टेडियम से एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। जबकि पांच घायलों को मेडिकल कालेज श्रीनगर के बेस अस्पताल रेफर किया गया है।

इनमें दो को श्रीनगर से एयरलिफ्ट कर एम्स रेफर किया गया है। दूसरा हादसा पौड़ी से सटे दाणोधार–मांसौं–खंडाह मोटर मार्ग पर स्कूली बच्चों को ले जा रही ओमनी वेन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में चालक, एक ग्रामीण व सात बच्चें घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पौड़ी लाया गया। जहां उपचार के बाद दो बच्चों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। एक घायल ग्रामीण को मेडिकल कालेज श्रीनगर के बेस अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उसे एयरलिफ्ट कर एम्स भेजा गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकारा

### वीर सावरकर पर दिए बयान को बताया गैर–जिम्मेदाराना



नई दिल्ली , लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर दिए गए राहुल गांधी के विवादित बयान पर कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों को लेकर गैर–जिम्मेदाराना टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को राहत भी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इतिहास को समझे बिना राहुल गांधी इस तरह के बयान नहीं दे सकते हैं। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा, "यदि भविष्य में इस प्रकार की टिप्पणी फिर से की गई, तो सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करेगा।" कोर्ट ने आगे कहा, "आप उन लोगों के बारे में कैसे ऐसा कह सकते हैं, जिन्होंने हमें आजादी दिलाई? कल को आप महात्मा गांधी को लेकर भी कुछ कह देंगे, क्योंकि उन्होंने सावरकर के लिए 'फेथफुल सर्वेंट' लिखा था?" सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि महात्मा गांधी ने सावरकर को सम्मान दिया था और राहुल गांधी की दादी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी उन्हें एक पत्र लिखा था। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि आप महाराष्ट्र जाकर इस तरह के बयान देते हैं, जहां वीर सावरकर की 'पूजा' होती है। आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। आप क्यों इस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं? यह मामला 2022 में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी के महाराष्ट्र में दिए गए विवादित बयान से जुड़ा है। उन्होंने सावरकर को लेकर विवादित टिप्पणी की थी और कहा था कि वह अंग्रेजों से पेंशन लेते थे। राहुल गांधी के इस बयान पर वकील नृपेंद्र पांडे ने निचली अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। लखनऊ की निचली अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ पहली नजर में आईपीसी 153(ए) और 505 के तहत केस मानते हुए समन जारी किया था। उस समन को राहुल गांधी ने चुनौती दी थी। उसके बाद राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### दिल्ली पुलिस ने मेधा पाटकर को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली ,नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी एक डिफेमेशन (मानहानि) मामले में की गई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किया था। कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह मेधा पाटकर को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बुधवार को ही अदालत ने मेधा पाटकर के खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किया। यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के बाद की गई है। मामला दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में दर्ज कराया था। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा था कि मेधा पाटकर अदालत में उपस्थित नहीं हुईं और उन्होंने जानबूझकर सजा से जुड़े आदेश का पालन नहीं किया।

# श्रीनगर पहुंचे सेना प्रमुख, आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की ले रहे हैं जानकारी

श्रीनगर ,पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे हैं। यहां सेना के कमांडर्स ने जनरल द्विवेदी को मौजूदा हालात और आतंकियों के खिलाफ सेना द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा के मौजूदा हालात के बारे में भी जानकारी दी गई। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा पर कुछ जगहों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी हुई, जिसकी शुरुआत पाकिस्तान ने की थी। भारतीय सेना ने इसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया है। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आर्मी चीफ का यह दौरा काफी अहम है। भारतीय सेना प्रमुख यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का यह दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर जाएंगे।



आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान उन्हें आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है।

जम्मू कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के टॉप कमांडर्स आर्मी चीफ को सैन्य संरचनाओं की भी जानकारी देंगे। आर्मी चीफ कश्मीर घाटी और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों द्वारा किए गए आतंकवाद विरोधी उपायों की भी जानकारी ले रहे हैं। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान सेना की 15 कोर के कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर मौजूद रहे। सेना प्रमुख अवंतीपोरा में विक्टर फोर्स के मुख्यालय का दौरा करेंगे। यह सेना का एक डिवीजन है जो दक्षिण कश्मीर में ऑपरेशन का प्रभारी है। वे फील्ड पर ऑपरेशनल कमांडरों से मिलेंगे और प्राप्त इनपुट्स की समीक्षा करेंगे।

# पहलगाम हमले के बाद महाराष्ट्र लौटेंगे 232 पर्यटक

### ●फडणवीस सरकार ने किया विशेष उड़ानों का प्रबंध



मुंबई ,जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद महाराष्ट्र के पर्यटकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए राज्य सरकार ने विशेष उड़ानों की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर अब तक लगभग 500 पर्यटक श्रीनगर से मुंबई लौट चुके हैं। आज इंडिगो की तीसरी विशेष उड़ान 232 पर्यटकों को लेकर दोपहर में श्रीनगर से रवाना होगी और शाम को मुंबई पहुंचेगी। पहलगाम के बैसरन वैली में हुए इस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें महाराष्ट्र के छह पर्यटक भी शामिल थे। इस घटना के बाद कश्मीर में फंसे पर्यटकों में दहशत फैल गई, जिसके चलते महाराष्ट्र सरकार ने तुरंत उनके लौटने की व्यवस्था की। गुरुवार को इंडिगो और एयर इंडिया की दो विशेष उड़ानों के जरिए 184 पर्यटकों को श्रीनगर से मुंबई लाया गया। इनमें से एक उड़ान में 65 पर्यटक सुबह मुंबई पहुंचे थे। सभी खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है।

आज की तीसरी विशेष उड़ान (इंडिगो 6श्व 3251) 232 पर्यटकों को लेकर शाम 5:45 बजे मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल–1 पर उतरेगी। इस उड़ान में शामिल यात्रियों की सूची राज्य सरकार ने पहले ही जारी कर दी है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल इस पर निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पडने़ पर और विशेष उड़ानें संचालित की जाएंगी ताकि सभी पर्यटक सुरक्षित घर लौट सकें। महाराष्ट्र सरकार ने श्रीनगर में फंसे पर्यटकों की सहायता के लिए वरिष्ठ बीजेपी नेता और मंत्री गिरीश महाजन को वहां भेजा है। मुंबई हवाई अड्डे पर व्यवस्था संभालने के लिए बीजेपी नेता आशीष शेलार और मंगल प्रभात लोढ़ा को जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा, सरकार ने मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई किराए को नियंत्रित करने के लिए पहले ही एयरलाइंस को निर्देश जारी कर दिए थे।

### नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड संजीव मुखिया गिरफ्तार, 3 लाख रुपए का था इनाम

पटना , नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस को शुक्रवार को बड़ी कामयाबी मिली। एसटीएफ और ईओयू की टीम ने मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गिरफ्तार कर लिया। पेपर लीक के बाद से ही वह फरार चल रहा था।संजीव मुखिया पर 3 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह पटना के सगुना मोड़ इलाके स्थित एक अपार्टमेंट में छिपा हुआ था। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने गिरफ्तारी की पुष्टि की।गिरफ्तारी के बाद संजीव मुखिया को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके बाद एसटीएफ और ईओयू उसे रिमांड पर लेने की कोशिश करेगी। इसके बाद आरोपी से पूछताछ होगी।जानकारी के अनुसार, संजीव मुखिया नीट में धांधली कराने वाले गिरोह का मुख्य संचालक है। लंबे समय से एसटीएफ और ईओयू की टीम को उसकी तलाश थी। संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के बाद पूरे गिरोह का भंडाफोड़ और कई अहम खुलासे होने की संभावना है। संजीव मुखिया बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है।

## भाई को भाई से लड़ाने की साजिश

# आतंकियों की नापाक कोशिश करें विफल : राहुल गांधी



श्रीनगर ,। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में घायल और पीड़ितों से भी मुलाकात की। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि जो कुछ हुआ है, उसके पीछे समाज को विभाजित करने का विचार है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक भयानक त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू–कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं।

## सम्पादकीय

### पहलगाम हमला पर्यटकों के साथ कश्मीरियों की रोजी रोटी पर

**पहलगाम में कायर आतंकवादियों ने जिस तरह धर्म पूछ कर 27 निदोष लोगों की हत्या की, उससे पूरे देश में भयंकर गुस्सा है। वारदात के $फुटेज, वीडियो और क्लिपिंग सामने आने के बाद स्वाभाविक रूप से पूरे देश में आक्रोश की लहर है। दरअसल,कश्मीर में आतंकवाद का विद्रुप चेहरा एक बार फिर सामने आया है। जम्मू और कश्मीर में परिवार के साथ छुट्टियां मनाने आए सैलानियों पर आतंकवादियों ने सिर्फ गोलियां नहीं बरसाई हैं, बल्कि कश्मीर की अर्थव्यवस्था और 2.5 लाख कश्मीरियों के पेट पर सीधे हमला किया है। इस हमले के बाद अब न सिर्फ कश्मीर की आर्थिक तरक्की पर ब्रेक लगेगा बल्कि लाखों कश्मीरियों की रोजी–रोटी पर संकट पैदा हो जाएगा। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला केवल जान–माल की क्षति नहीं, बल्कि कश्मीर की आत्मा कश्मीरियत पर सीधा हमला है। इस वारदात ने न सिर्फ सैलानियों के भरोसे को तोड़ा है, बल्कि घाटी की आर्थिक रीढ़ कहे जाने वाले पर्यटन उद्योग को भी गहरे संकट में डाल दिया है। हर गोली जो किसी पर्यटक पर चली, उसने कश्मीर की अर्थव्यवस्था को कई साल पीछे धकेल दिया है। धरती पर स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर के लिए कमाई के प्रमुख स्रोतों में पर्यटन का खास स्थान है। कश्मीर का सालाना पर्यटन उद्योग 12,000 करोड़ रुपये का है। एक अनुमान के मुताबिक, साल 2030 तक ये उद्योग बढ़कर 25,000 करोड़ से 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने वाला था। राज्य की कुल जीडीपी में कश्मीर के पर्यटन की 7–8 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। मंगलवार को सैलानियों पर हुए आतंकी हमले ने मासूम और निदोष लोगों की हत्या के साथ–साथ इस उद्योग के लिए भी शायद कब्र खोद दी है। पहलगाम को भारत का स्विटजरलैंड कहा जाता है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में सैलानी घूमने आते हैं। ये हमला ऐसे समय में हुआ जब गर्मी से त्रस्त लोग कश्मीर जाना शुरू करते हैं। जाहिर है ऐसे में, कश्मीर में ये पूरा सीजन तहस–नहस होने वाला है। साल 2020 में यहां 34 लाख सैलानी आए थे, 2021 में कश्मीर आने वाले सैलानियों की संख्या कई गुना बढ़कर 1।13 करोड़ हो गई। फिर 2022 में यहां 1।88 करोड़, 2023 में 2। 11 करोड़ और 2024 में 2। 36 करोड़ सैलानी आए। 2024 में आए कुल सैलानियों में 65,000 से ज्यादा विदेशी सैलानी शामिल थे। कश्मीर के प्रमुख टूरिस्ट प्लेस में गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगाम और डल झील का नाम सबसे ऊपर है। साल 2024 में गुलमर्ग ने 103 करोड़ रुपये का रेवेन्यू जनरेट किया था। बहरहाल,घटना के तुरंत बाद जिस तरीके से लश्कर ने जिम्मेदारी ली है, उससे जाहिर है कि हमला सुनियोजित था। आतंकी साजिश इस तरह रची गई कि देश में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो। ऐसा लगता है कि तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यार्पण। पाकिस्तान को नागवार गुजारा है। तहव्वुर मुंबई हमले के ऐसे राज खोल सकता है जिससे पाकिस्तान को दुनिया के सामने मुंह छिपाना मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा पाकिस्तान की बौखलाहट का दूसरा कारण भारत सरकार के विकास कार्यों का कश्मीर की जनता के द्वारा मिल रहा समर्थन है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस तरह से कश्मीर की जनता ने लोकतंत्र के महायज्ञ में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, वो भी पाकिस्तान बर्दाश्त नहीं कर पाया होगा। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर के मुद्दे पर जिस तरह से भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, वो भी पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर को पसंद नहीं आया होगा। यही वजह है कि पिछले दिनों इस्लामाबाद में मुल्ला जनरल के नाम से कुख्यात आसिम मुनीर ने एक बार फिर द्वि राष्ट्र सिद्धांत पर जहर उगला था। जाहिर है पहलगाम आतंकी हमले के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तानी सेना की साज़िश नजर आती है।**

# देश में एक नया दर्शन स्थापित

**अजीत द्विवेदी**

**भारत में कर्ज के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एक तरफ अमीरों का कर्ज है, जिसमें से पिछले 10 साल में 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज भारत सरकार ने बट्टेखाते में डाला है तो दूसरी ओर रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिए गए कर्ज का आंकड़ा है, जिसके बोझ तले देश का मध्य वर्ग दबा हुआ है। कोरोना महामारी के बाद घरेलू कर्ज यानी रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिया गया कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्तरों पर कर्ज डिफॉल्ट हो रहा है और बैंकों का पैसा डूब रहा है। रिजर्व बैंक के पिछले साल यानी 2024 में क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में डिफॉल्ट राशि 28.42 फीसदी बढ़ कर 6.742 करोड़ रुपए हो गई है। पिछले साल जून तक गोल्ड लोन का डिफॉल्ट 6,696 करोड़ रुपए हो गया था। क्रेडिट कार्ड और गोल्ड लोग दोनों का कर्ज छोटी छोटी घरेलू जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया गया है। जून 2021 में जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर समाप्त हुई उस समय घरेलू कर्ज भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 36.5 फीसदी था, जो जून 2024 में बढ़ कर जीडीपी के 42.9 फीसदी तक पहुंच गया। अगर 2015 से 2019 की चार साल की अवधि को देखें तो घरेलू कर्ज का औसत जीडीपी के 33 फीसदी के आसपास था। यानी 2019 के बाद से इसमें 10 परसेंटेज प्वाइंट की बढ़त हुई है। अगर भारत की जीडीपी चार सौ लाख करोड़ रुपए है तो इसका मतलब है कि चार साल में घरेलू कर्ज में 40 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई है।**

कर्ज लेकर घी पीने का एक दर्शन भारत में रहा है। चार्वाक ऋषि को इस दर्शन का प्रणेता माना जाता है। हालांकि यह दर्शन ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुआ क्योंकि कर्ज लेकर घी पीने वालों को भारतीय समाज में फ्रॉड माना जाता है। इसलिए यह काम बड़े लोगों खासकर उद्योगपतियों, कारोबारियों, नेताओं आदि के लिए छोड़ दिया गया। मध्यवर्ग अपनी मोरालिटी में इससे दूर रहा तो निचले तबके को इसका मौका ही नहीं मिला। लेकिन अब देश में एक नया दर्शन स्थापित हो रहा है। कर्ज लेकर दाल–रोटी चलाने का। नोटबंदी, जीएसटी और केंद्र सरकार की अन्य आर्थिक नीतियों के साथ साथ कोरोना की महामारी ने भारतीय समाज को इस दर्शन का अनुपालन करने के लिए मजबूर कर दिया है।भारत में कर्ज के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एक तरफ अमीरों का कर्ज है, जिसमें से पिछले 10 साल में 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज भारत सरकार ने बट्टेखाते में डाला है तो दूसरी ओर रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिए गए कर्ज का आंकड़ा है, जिसके बोझ तले देश का मध्य वर्ग दबा हुआ है।कोरोना महामारी के बाद घरेलू कर्ज यानी रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिया गया कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्तरों पर कर्ज डिफॉल्ट हो रहा है और बैंकों का पैसा डूब रहा है। रिजर्व बैंक के पिछले साल यानी 2024 में क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में डिफॉल्ट राशि 28.42 फीसदी बढ़ कर 6.742 करोड़ रुपए हो गई है। पिछले साल जून तक गोल्ड लोन का डिफॉल्ट 6,696 करोड़ रुपए हो गया था। क्रेडिट कार्ड और गोल्ड लोग दोनों का कर्ज छोटी छोटी घरेलू जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया गया है। जून 2021 में जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर समाप्त हुई उस समय घरेलू कर्ज भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 36.5 फीसदी था, जो जून 2024 में बढ़ कर जीडीपी के 42.9 फीसदी तक पहुंच गया। अगर 2015 से 2019 की चार साल की अवधि को देखें तो घरेलू कर्ज का औसत जीडीपी के 33 फीसदी के आसपास था। यानी 2019 के बाद से इसमें 10 परसेंटेज प्वाइंट की बढ़त हुई है। अगर भारत की जीडीपी चार सौ लाख करोड़ रुपए है तो इसका मतलब है कि चार साल में घरेलू कर्ज में 40 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई है।

घरेलू कर्ज के आंकड़ों की थोड़ी और बारीकी में जाते हैं तो पता चलता है कि मार्च 2021 से मार्च 2024 की तीन साल की अवधि में बैंकों से लिए जाने वाले पर्सनल लोन में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि में नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज और हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसी अवधि में मिनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 67 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसकी तुलना में इसी अवधि में घरेलू आय में 43 फीसदी और उपभोग में 49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यानी आय व उपभोग के अनुपात में कर्ज ज्यादा बढ़ा है। अर्थशास्त्र के जानकारों का कहना है कि अगर कर्ज बढने का ट्रेंड 2015 से 2019 वाला रहता और उसके बाद चार साल में जितनी तेजी से बढ़ा है वैसे नहीं बढ़ता तो उपभोक्ता खर्च में जीडीपी के दो फीसदी के बराबर कमी आती। इसका बहुत बड़ा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता।

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ज्यादातर कर्ज घरेलू और रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया जा रहा है। निवेश करने या कारोबार बढ़ाने के लिए इस अनुपात में कर्ज नहीं लिया जा रहा है। दूसरी खास बात यह है कि पांच लाख रुपए सालाना से कम आय वाले लोग अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। यही कारण है कि अनसिक्योर लोन की मात्रा सबसे ज्यादा बढ़ रही है। अगर बैंकों से लिए जाने वाले घरेलू कर्ज में क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के कर्ज को जोड़ दें तो मार्च 2021 से मार्च 2024 की अवधि में कर्ज बढने का आंकड़ा 82 फीसदी पहुंच जाता है। इन तीनों मामलों यानी घरेलू कर्ज, क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं का कर्ज इसी अवधि में 130 फीसदी की दर से बढ़ा है। तभी माना जा रहा है कि पांच लाख से कम आय वाला घर चलाने के लिए कर्ज ले रहा है और उससे ज्यादा मध्य आय वाला वर्ग घर और कार आदि के लिए कर्ज ले रहा है।चिंता की दूसरी बात यह है कि पहले से चल रहे कर्ज के बाद भी परिवार कर्ज ले रहे हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक निजी कर्ज लेने वाले पांच से में तीन लोगों के ऊपर एक साथ तीन लोन की किस्तें चल रही हैं। माइक्रो फाइनेंस की बात करें तो छह फीसदी ऐसे हैं, जिन पर चार या उससे ज्यादा कर्ज चल रहे हैं। इसका मतलब है कि घरेलू आय का बड़ा हिस्सा कर्ज की किस्तें भरने में जा रहा है और अगर आय में बहुत जल्दी व तेजी से बढ़ोतरी नहीं होती है तो बैंकों के कर्ज एनपीए में बदलेंगे या आम लोगों पर कर्ज चुकाने का बहुत बड़ा दबाव बनेगा। उनकी कमाई का ज्यादा हिस्सा कर्ज चुकाने में जाएगा।

तभी रिजर्व बैंक ने कर्ज की शर्तें सख्त करने और जोखिम का आकलन करने का निर्देश दिया। इससे कर्ज देने की रफ्तार में थोड़ी कमी आई लेकिन इसका असर उपभोग पर पड़ा और विकास दर गिर गई। सो, यह अलग जोखिम है। इस बीच रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कमी शुरू कर दी है। दो कटौती हो गई है। इससे कर्ज और उपभोग दोनों बढ़ेंगे। पर मुश्किल यह है कि अगर कमाई नहीं बढ़ी तो कर्ज कहां से चुकता होगा? फिर तो बैंकिंग सेक्टर का भी भा बैठेगा। ध्यान रहे बैंकों के कर्ज में निजी और घरेलू कर्ज का हिस्सा एक तिहाई है और एनबीएफसी व एचबीएफसी के कर्ज में आधा है।ऐसा नहीं है कि उपभोग के लिए सिर्फ निजी कर्ज या क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर उत्पादों के लिए बैंकों या एनबीएफसी से कर्ज लिए जा रहे हैं, गोल्ड लोन यानी सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ा है। इसका भी ज्यादातर हिस्सा घरेलू जरुरतों को पूरा करने से जुड़ा है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2025 में गोल्ड लोन में 87.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। 2019 से 2024 के बीच सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या में 22 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसी बीच गोल्ड लोन डिफॉल्ट में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2024 में गोल्ड लोन बकाया 1,02,562 करोड़ था, जो अक्टूबर 2024 तक बढ़ कर 1,54,282 करोड़ हो गया और फरवरी 2025 में बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ हो गया।

गोल्ड लोन के बाद कर्ज का तीसरा सेगमेंट है सूदखोर महाजनों का जिनके चंगुल में देश की गरीब आबादी का बड़ा हिस्सा फंसा हुआ है। ऐसे नागरिक, जिनकी नियमित आय का कोई साधन नहीं है, जिनको कोई भी बैंक, एनबीएफसी या एचबीएफसी कर्ज नहीं देता है और जिनके पास सोना नहीं है, जिसे गिरवी रख कर कर्ज लें वे अपने गांव, कस्बे या शहर के महाजन पर निर्भर हैं। गांवों और छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक ऐसे कर्ज देने वाले महाजन हैं, जिनके ब्याज की दरें बहुत ऊंची होती हैं। इनके जाल में फंसने वालों का निकलना मुश्किल होता है।

सो, कर्ज लेकर दाल–रोटी चलाने वालों की तादाद तेजी से बढ़ रही है और दूसरी ओर देश की 10 फीसदी मध्य वर्ग, उच्च मध्य वर्ग और संपन्न लोगों की आबादी है, जिनकी वजह से देश भर के मॉल्स की चमक दमक बनी हुई है। यह 10 फीसदी आबादी, जो 14 करोड़ बनती है वही कारें खरीद रहा है, घर खरीद रहा है, आई फोन्स खरीद रहा है और मॉल्स व रेस्तरां में जा रहा है। उन्हीं को दिखा कर देश के भोले लोगों को बहलाया जा रहा है कि देखो कहां है गरीबी! बताया जाता है कि इतने आई फोन बिक गए, इतनी कारें बिक गईं या मॉल्स में इतनी भीड़ है और किसी महंगे रेस्तरां में बिना पहले से बुकिंग के जगह नहीं मिलती है, लेकिन यह धोखा देने और हकीकत को छिपाने वाली तस्वीर है। यह देश की 10 फीसदी आबादी की सचाई है। बाकी 90 फीसदी आबादी की सचाई यह है कि वो कर्ज लेकर दाल–रोटी चला रही है।

# आखिर क्यों हो रही हैं नृशंस हत्याएं ?

**अशोक शर्मा**

एक के बाद दूसरी ऐसी वारदात सामने आ रही है कि या तो पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की जघन्य हत्या की। या पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी को मारा। इस तरह की खबरें भी आए दिन पढने को मिलती हैं कि खाना अच्छा नहीं बना इसलिए पति ने पत्नी को इतनी जोर से मारा कि उसकी मृत्यु हो गई। जाहिर है बढ़ते भौतिकवाद और पैसा कमाने की अंधी होड़ ने आम आदमी के जीवन को तनाव से भर दिया है। इसी तनाव और हताशा में वो हिंसक होते जा रहा है।

समाज शास्त्रियों और गैर सामाजिक संगठनों ने इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। दरअसल कुटुंब व्यवस्था के बिगडने से बच्चे को परिवार का दुलार नहीं मिल पाता। ऐसे में बच्चा या तो आया के भरोसे या दिनभर घर में माता–पिता की राह देखकर एकाकी तौर पर पलता है। बड़ा होकर यही बच्चा थोड़ा सा भी तनाव नहीं झेल पाता और हिंसक हो जाता है। हाल में ऐसी कई घटनाएं प्रकाश में आई हैं। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। इस तरह की घटनाओं के लगातार बढने से दरअसल, देश के समाज शास्त्री चिंतित हैं।

बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 प्रतिशत के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किए। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारहवें मिनट में एक महिला या लडकी का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ अफ्रीकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 प्रतिशत से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 प्रतिशत शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं । लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा यह भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 प्रतिशत पुरुषों का भी कत्ल होता है अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। कुल मिलाकर जो कुछ हो रहा है वो बेहद चिंता जगाने वाला है।

## देश की अखंडता पर प्रहार

वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दरम्यान सरकार ने आश्वासन दिया कि सेंटर वक्फ काउंसिल और वक्फ बोर्ड में किसी गैर–मुस्लिम की नियुक्ति नहीं की जाएगी। मौजूदा वक्फ संपत्तियों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने तथा वक्फ संशोधन कानून, 2025 के कुछ प्रावधानों पर फिलहाल अमल न करने की बात भी की। अदालत ने सरकार को जवाब देने के लिए सात दिन का वक्त दिया है। अगले आदेश तक वक्फ, जिसमें वक्फ बाय यूजर भी शामिल है, में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। न ही संबंधित कलेक्टर इनमें कोई बदलाव करेगा। 1995 के अधिनियम के तहत जिन वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण हुआ है, उनको अगली सुनवाई तक गैर–अनूसूचित न करने का स्पष्ट निर्देश भी दिया गया है। अदालत में वक्फ कानून की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि जैन, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों के धर्म पर ऐसे कानून लागू नहीं होते। जैसा कि नये कानून के अनुसार वही शख्स अपनी संपत्ति दान कर सकता है, जो कम से कम पांच साल से मुसलमान हो यानी इस्लाम अपना चुका हो। दान की जाने वाली संपत्ति का मालिकाना हक भी रखता हो। शीर्ष अदालत ने सरकार से तल्ख सवाल किया कि क्या वह हिन्दुओं के धार्मिक ट्रस्टों में मुसलमान या गैर– हिन्दुओं को शामिल करने जा रही है? इस कानून के पारित होने के बाद हुई हिंसा की भी निंदा की। हरियाणा, महाराष्ट्र, मप्र, असम, छत्तीसगढ़ व राजस्थान जैसे भाजपा शासित राज्यों में अलग–अलग याचिकाएं दायर की गई हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के अनुसार वक्फ के पास देश भर में 8.7 लाख संपत्तियां हैं जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। कोई भी चल/अचल संपत्ति वक्फ होती है, जिसे अल्लाह के नाम पर मुसलमान धार्मिक या परोपकार के मकसद से दान करता है। अल्लाह ही हमेशा उसका मालिक होता है। इस तरह का चलन मंदिरों से लेकर अन्य धर्मों में भी है। मंदिरों के पास बगैर कागजात वाली संपत्ति कम नहीं हैं। इसलिए सरकार को कानून बनाते हुए सभी धार्मिक स्थलों के अधिकार क्षेत्र वाली चल/अचल संपत्ति पर यह कानून लागू करना चाहिए था।

# हनी सिंह की आवाज ने बिखेरा जलवा...




अभिनेता अजय देवगन पिछली बार फिल्म सिंघम अगेन में दिखे थे। हालांकि, उनकी इस फिल्म ने न तो बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई की और ना ही इसकी कहानी ने दर्शकों को प्रभावित किया। आने वाले समय में अजय फिल्म रेड 2 में नजर आएंगे, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। अब निर्माताओं ने रेड 2 का नया गाना मनी मनी जारी कर दिया है। मनी मनी गाने को रैपर हनी सिंह ने अपनी आवाज दी है। इसके बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं। इस गाने में उर्वशी रौतेला जबरदस्त डांस करती दिख रही हैं। गाने में अजय की भी झलक दिख रही है। रेड 2 में अजय का सामना रितेश देशमुख से होगा। वह फिल्म में नेता दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। इसमें अजय की जोड़ी पहली बार वाणी कपूर के साथ बनी है। वह अजय की पत्नी का किरदार अदा करेंगी। रेड 2 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

फिल्म के निर्देशन की कमान राज कुमार गुप्ता को सौंपी गई है। भूषण कुमार ने इस फिल्म का निर्माण कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के साथ मिलकर किया है। रेड 2 2018 में आई फिल्म रेड का सीक्वल है। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े आईटी विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी।

## बॉक्स ऑफिस पर केसरी 2 की कमाई में मामूली बढ़त

इन दिनों अक्षय कुमार की फिल्म केसरीः चैप्टर 2 सिनेमाघरों में लगी हुई है, जो दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है। इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, वहीं समीक्षकों ने भी फिल्म की कहानी के साथ–साथ अक्षय के अभिनय की सराहना की। शुरुआती 3 दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया, लेकिन चौथे फिल्म की कमाई में भारी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, पांचवें दिन केसरी 2 के कारोबार में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने 7.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। दूसरे दिन यह फिल्म 9.75 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 12 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चौथे दिन इस फिल्म ने 4.5 करोड़ रुपये कमाए थे। केसरी 2 ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार को 4.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 38.75 करोड़ रुपये हो गया है। केसरी 2 के निर्देशन की कमान करण सिंह त्यागी ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।

# हार के बाद भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है राजस्थान

नई दिल्ली। संजू सैमसन की कप्तानी में बीते कुछ सीजनों में दमदार खेल दिखाने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम का मौजूदा सीजन अच्छा नहीं जा रहा है। राजस्थान को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस हार ने राजस्थान के प्लेआ-ॅफ के सपने को तगड़ा झटका दिया है। ये उसकी नौ मैचों में सातवीं हार थी जिससे वह प्लेऑफ की रेस से बाहर होने के मुहाने पर है। आरसीबी के खिलाफ राजस्थान की हार उसके लिए निराश करने वाली बात इसलिए भी है क्योंकि पिछले लगातार तीन मैचों में उसे बेहद करीब आकर हार का सामना करना पड़ा है। वहीं ये उसकी लगातार पांचवीं हार है। इससे पहले उसे 2009–10 सीजन में लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा था। और 150 एकसाथ, जोश हेजलवुड ने किया अद्भुत कारनामा, ये रिकॉर्ड दिमाग चकरा देगा! हालांकि, देखा जाए तो गणित के हिसाब से राजस्थान के प्लेऑफ के चांसेस अभी भी खत्म नहीं हुए हैं, लेकिन उनका प्लेऑफ का रास्ता बेहद कठिन है और टीम की फॉर्म को देखते हुए तो ये मुमकिन नहीं लग रहा है। इसके लिए किसी चमत्कार की जरूरत है। सबसे पहले तो राजस्थान को अपने बचे सभी पांच मैच जीतने होंगे। अगर टीम ऐसा कर पाती है तो फिर उसके टोटल अंक 14 हो जाएंगे। हालांकि, 14 अंक पर पहुंचने के बाद भी गारंटी नहीं है कि राजस्थान प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर जाए। कई टीम हैं जो उससे आगे निकल सकती हैं। इनमें गुजरात टाइटंस, आरसीबी, दिल्ली कैपिटल्स को तो प्लेऑफ में जाने के लिए दो जीत चाहिए। वहीं, मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और लखनऊसुपरजायंट्स को तीन जीतों की जरूरत है और अगर वह ऐसा कर पाती हैं तो आसानी से 14 अंकों के पार चली जाएंगी।



**कोलकाता से मिल रही चुनौती**

राजस्थान को कोलकाता से चुनौती मिल रही है। कोलकाता के इस समय छह अंक हैं और वह अपने सभी मैच जीतती है तो फिर उसके 16 अंक हो जाएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई की टीम के राजस्थान के बराबर यानी चार अंक हैं। अब देखा जाए तो राजस्थान को अपने सभी मैच जीतने होंगे और उम्मीद करनी होगा कि बाकी टीमें ज्यादा से ज्याद मैच हारें, खासकर वो टीमें जो उससे आगे हैं।

# सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देगी नितिन और श्रीलीला की रॉबिनहुड, 2 मई से जी5 पर होगी स्ट्रीम

नितिन की नवीनतम फिल्म रॉबिनहुड, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया था, जल्द ही ओटीटी पर नए दर्शक पा सकती है। वेंकी कुदुमुला द्वारा निर्देशित और श्रीलीला द्वारा मुख्य महिला कलाकार के रूप में अभिनीत, यह फिल्म अधिकांश थिएटर जाने वालों को प्रभावित करने में विफल रही।




हालांकि, सोशल मीडिया पर जोरदार चर्चा से पता चलता है कि रॉबिनहुड 2 मई, 2025 को जी5 पर अपना डिजिटल डेब्यू करेगी।हालांकि निर्माताओं या स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशंसक यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि क्या फिल्म ओटीटी पर खुद को भुना सकती है। फिल्म में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर का एक सरप्राइज कैमियो है, जो इसकी अपील को बढ़ाता है। राजेंद्र प्रसाद, वेनेला किशोर और देवदत्त नागे सहित प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ, रॉबिनहुड अपनी दूसरी पारी में दर्शकों को जीतने की क्षमता रखता है।

## खिलाड़ियों पर ही नहीं अंपायरों पर भी छप्पड़ फाड़ कर बरसता है पैसा

नई दिल्ली। आईपीएल को दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग कहा जाता है। यहां जमकर पैसा बरसता है और इसलिए कुछ लोग तो इसे इंडियन पैसा लीग भी कहते हैं। जब नीलामी होती है तो खिलाड़ियों की जेब में जमकर पैसा जाता है। लेकिन लीग से सिर्फ खिलाड़ी या फिर कोच ही पैसा नहीं कमाते हैं। ये लीग अंपायरों की जेब अच्छे से भरती है।आमतौर पर सभी का ध्यान खिलाड़ियों और कोचेस को मिलनी वारी रकम/फीस पर होता है क्योंकि यही लोग मैच के केंद्र बिंदु में रहते हैं, लेकिन अंपायरों को नजरअंदाज किया जाता है जबकि पूरा मैच अंपायरों ही कराते हैं।

# आते ही काम शुरु कर दिया! पहली गेंद पर विकेट लेकर मोहम्मद शमी ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। आईपीएल में मोहम्मद शमी ने एक खास उपलब्धि हासिल की। शमी ने कढछ 2025 के 43वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। शमी ने पहली गेंद पर शेख रशीद का विकेट लेकर आईपीएल में पहली गेंद पर सबसे ज्यादा बार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने पांच गेंदबाजों को पीछे छोड़ा। चेन्नई के सलामी बल्लेबाजों ने भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। आईपीएल में 43वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद आमने–सामने हैं। पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने मैच की पहली ही गेंद पर अपना पहला विकेट गंवाया। शेख रशीद को मोहम्मद शमी ने स्लिप पर कैच आउट करवाया। इस विकेट से साथ शमी ने इतिहास रच दिया।



## एक नजर

### लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका बताई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल में शुक्रवार को लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में नव मतदाताओं के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को मताधिकार के महत्व के बारे में बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केबी श्रीवास्तव और राजनीति विज्ञान विभाग के डा. राजीव कनौजिया ने छात्रों को लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### साफ-सफाई सहित खाद्य पदार्थों की स्वच्छता व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आगामी चारधाम यात्रा के दौरान यात्रा मार्गों पर आने वाले यात्रियों, पर्यटकों एवं आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने एवं सुरक्षित खाद्य व ग्रीन यात्रा के अंतर्गत स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर आगामी यात्रा में प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की स्वच्छता एवं गुणवत्ता आदि को लेकर निर्देशित किया गया है। अभिहीत अधिकारी मनोज कुमार सेमवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र के व्यापारियों के साथ जनजागरूकता बैठक व कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान व्यवसायियों को उनके प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से साफ-सफाई सहित खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, गुणवत्ता, एक्सपायरी तिथि ध्यान में रखने के साथ ही खाद्य वस्तुओं के क्रय बिल भी आवश्यक रूप से रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी व्यापारी मौजूद रहे।

### 47 मोटर मार्गों को स्वीकृति देने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पीएमजीएसवाई योजना के तहत बन रहे मोटर मार्ग को फोर्थ फेज की स्वीकृति प्रदान करने की मांग को लेकर देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ग्रामीण विकास केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान से मिले। विधायक कंडारी ने ग्रामीणों की सुविधा देखते हुए विकासखण्ड कीर्तिनगर में रिंगोली मल्ली से ओखली मोटर मार्ग, किलकिलेश्वर सिल्काखाल पांडव मोटर मार्ग किमी. 6 से गुठाई मोटर मार्ग, सौंराखाल मोटर मार्ग से सेन्द्री मोटर मार्ग, खोला से खर्क कुल्मारा मोटर मार्ग, मंजाकोट से बन्दासा गल्या मोटर मार्ग, कुरोली दलक्यारी बेल्या डागर मोटर मार्ग, बडोन से ह्यूली बिनानी मोटर मार्ग, कोटी से सैंण मोटर मार्ग सहित कुल 47 मोटर मार्गों को स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

### एक किलो चरस समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

नई टिहरी । ड्रग्स-फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस और सीआईयू (एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स) ने संयुक्त कार्यवाही के दौरान तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उनसे एक किलो चरस बरामद की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि ड्रग्स तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना मुनि की रेती व सीआईयू (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) ने बीते रात ढालवाला क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान तीन युवकों को संदेह के आधार पर रोका। तीनों से पुलिस ने एक किलो चरस बरामद की। गिरफ्तार तस्करों में सुनील राणा पुत्र विजन सिंह राणा निवासी- ग्राम सालू थाना मनेरी जिला उत्तरकाशी उम्र 39 वर्ष से 510 ग्राम , अमरेश पुत्र पूरणलाल निवासी- ग्राम सौरा थाना मनेरी जिला उत्तरकाशी उम्र 33 वर्ष से 132ग्राम और आदित्य उर्फ सागर पुत्र राजेश निवासी ग्राम शिवा थाना सैक्टर 29 पानीपत हरियाणा उम्र 23 वर्ष से 946ग्राम चरस बरामद की। तस्कर सुनील व अमरेश ने पूछताछ पर बताया कि वह चरस उत्तरकाशी से लाए थे। जो हरियाणा निवासी आदित्य को बेची थी। आदित्य गंगोत्री में कांवड़ के समय पर आया था। पुलिस ने बताया कि आरोपित सुनील पूर्व में भी जेल जा चुका है। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

### भक्तों ने किए गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा के दर्शन

रुद्रप्रयाग । नरेंद्रनगर से बदरीनाथ के लिए प्रस्थान कर रहे गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा के रुद्रप्रयाग में भक्तों ने दर्शन कर पुण्य अर्जित किए। इस दौरान खांकरा, नरकोटा, गुलाबराय, रुद्रप्रयाग, तिलणी, सुमेरपुर, रतूड़ा और घोतलीर नगरासू में भक्तों ने गाडू घड़ा के दर्शन किए। शुक्रवार दोपहर बाद रुद्रप्रयाग नगर में पहुंचे गाडू घड़ा का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया।

# मुस्लिम समुदाय ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

### केंद्र सरकार से की आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग


कोटद्वार में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन करते मुस्लिम समुदाय के लोग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के विरोध में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को नमाज के बाद बड़ी संख्या में झंडाचौक में एकत्रित हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पाकिस्तान का पुतला दहन किया। साथ ही केंद्र सरकार से पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। शुक्रवार को जामा मस्जिद में जुम्मे की नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोग बड़ी तादाद में मस्जिद के बाहर एकत्र हुए। यहां से सभी ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए झंडाचौक तक आक्रोश रैली निकाली। झंडाचौक पहुंच कर पाकिस्तान व आतंकवाद के पुतले को आग के सुपुर्द कर दिया गया। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना बदरूल इस्लामकी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले से देशवासियों में गुस्सा है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नूरुद्दीन ने कहा कि भारत अमन व शांति का संदेश देने वाला देश है। लेकिन, पाकिस्तान की इस कायराना हरकत को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए। पाकिस्तान से आतंकवाद का सफाया होना आवश्यक है। मो. स्वाले ने कहा कि आज पहली जरूरत उन पीड़ित परिवारों को सहारा देने की है, जिन्होंने पहलगाम में अपनों को खो दिया। जामा मस्जिद के मुतावल्ली ताजुद्दीन ने केंद्र सरकार से देश की धरती को आतंकियों से मुक्त करने की मांग उठाई। भाजपा के नगर मंत्री मो.कासिफ ने कहा कि इस्लाम का आतंकियों से कोई लेना-देना नहीं है। इस्लाम अमन और शांति का धर्म है। बेगुनाहों का खून बहाने वाले इस्लाम के ही नहीं, पूरी इंसानियत के गुनाहगार हैं। पुतला दहन करने वालों में शहजाद, इमरान, अशरद, आबीद आदि मौजूद रहे।

# अभाविप ने उठाई परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाने की मांग


कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी को ज्ञापन देते अभाविप कार्यकर्ता।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कोटद्वार महाविद्यालय में परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाने की मांग की है। कहा कि जानकारी के अभाव में कई विद्यार्थी फार्म भरने से वंचित रह जाएंगे। ऐसे में महाविद्यालय को उनके हितों के बारे में भी सोचना चाहिए।

शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अभाविप ने प्राचार्य डीएस नेगी के माध्यम से श्रीदेव सुमन विश्व विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन भेजा। कहा कि महाविद्यालय में बड़ी संख्या में पहाड़ के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। वर्तमान में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। लेकिन, सूचना के अभाव व इंटरनेट की दिक्कत के कारण कई विद्यार्थी फार्म भरने से वंचित हैं। साथ ही बीएससी परीक्षा की डेट सीट में एक परीक्षा से दूसरी परीक्षा के बीच उचित अंतर न होने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई का समय भी नहीं मिल पा रहा है। कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि भी उस समय निर्धारित की जाएं जब मुख्य परीक्षाएं पूर्ण हो जाएं, जिससे विद्यार्थियों को बीएड परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। ज्ञापन देने वालों में जिला सह संयोजक अनिकेत दुगलक, विकास कुमार, आयुषी नेगी, कृष, आकाश आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक होंगे लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से 26 अप्रैल को लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी शिक्षक सम्मान 2025 समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बतौर मुख्य अतिथि प्रख्यात पर्यावरणविद् पद्मश्री एवं पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी 34 शिक्षकों को सम्मानित करेंगे।

संस्थान के ईडी अजय राज नेगी ने बताया कि गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में आईएचएमएस कॉलेज की ओर से प्रतिवर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। बताया कि कालेज की ओर से सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल के प्रबंधन से उनके विद्यालय में बेहतर कार्य कर रहे शिक्षकों की सूची मांगी थी, जिसके आधार पर शिक्षकों का सम्मान के लिए चयन किया गया है। बताया कि 26 अप्रैल को दोपहर बाद ठीक 3 बजे बतौर मुख्य अतिथि प्रख्यात पर्यावरणविद्, पद्मश्री, पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी सम्मान समारोह का शुभारंभ करेंगे। वे विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के 9 प्रधानाचार्यों और 25 शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्तिपत्र के साथ सम्मानित करेंगे। उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी गुरुजनों को निर्धारित कार्यक्रम के तहत 3 बजे बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज परिसर में पहुंचने का आग्रह किया है।

### कैंडल मार्च निकालकर आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** रोटरी क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गवांने वाले निर्दोष नागरिकों व पर्यटकों को कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरूवार देर शाम को रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्य अध्यक्ष गुरूबचन सिंह के नेतृत्व में मालवीय उद्यान में एकत्रित हुए। इसके बाद उन्होंने मालवीय उद्यान से झण्डाचौक तक कैंडल मार्च निकाला और आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस कायरतापूर्ण घटना की जितनी निंदा की जाए, कम है। यह देश की एकता और संप्रभुता को बिगाड़ने की साजिश है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वक्ताओं ने केन्द्र सरकार से इस मामले में कठोर कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर हमले में जान गवां चुके लोगों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान डीपी सिंह, सचिन गोयल, विजय कुमार माहेश्वरी, कमल गुप्ता, वाईपी गिलरा, गोपाल बंसल, धीरजधर बछवाण, विपिन बख्शी, नरेन्द्र गोयल, ज्योति स्वरूप उपाध्याय और अमित अग्रवाल सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# एक व्यक्ति पर समुदाय विशेष को भूमि बेचने का लगाया आरोप


कोटद्वार तहसील में प्रदर्शन करते काशीरामपुर तल्ला के लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एक व्यक्ति पर समुदाय विशेष को भूमि बेचने का आरोप लगाते हुए काशीरामपुर तल्ला के लोगों ने तहसील में पहुंचकर प्रदर्शन किया। कहा कि व्यक्ति आसपास के परिवारों को धमकी भी दे रहा है। हालत यह है कि शिकायत के बाद भी अब तक व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

शुक्रवार को काशीरामपुर के लोग तहसील परिसर में पहुंचे। यहां उन्होंने भूमि बेचने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके उपरांत लोगों ने उपजिलाधिकारी को भी ज्ञापन दिया। बताया कि क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने समुदाय के लोगों को भूमि बेच रहा है। बाहरी राज्यों से आ रहे इन लोगों के कारण क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। पूर्व में जब स्थानीय लोगों ने यह मुद्दा उठाया तो व्यक्ति ने भूमि समुदाय विशेष को नहीं बेचने की बात कही। लेकिन, कागजों में भूमि बाहरी राज्यों के समुदाय विशेष को बेची जा रही है। एक दिन पूर्व लोगों ने जब व्यक्ति के इस कार्य का विरोध किया तो वह उल्टा लोगों को ही धमकी देने लगा। यही नहीं, यह व्यक्ति आसपास के लोगों को भी उनके भवन खाली करने की धमकी दे रहा है। जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है। मामले की शिकायत पुलिस से करने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो काशीरामपुर तल्ला के लोग आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रीति रावत, रेनू रावत, उर्मिला, लक्ष्मी नेगी, संगीता नेगी, अनीता शर्मा, शांता देवी, सुधा देवी, अमरजीत कौर, सरोजनी देवी, कलावती देवी, सीमा आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड बैठक में 16 प्रस्तावों पर चर्चा, किन्नरों का शगुन भी निर्धारित


आयोजित बोर्ड बैठक में चर्चा करते पार्षद

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम की बोर्ड बैठक में 16 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिसमें से अधिकांश प्रस्तावों पर पार्षदों ने अपनी सहमति जताई। इस दौरान कोटद्वार क्षेत्र में किन्नरों की ओर से लिए जाने वाली शगुन की राशि भी निर्धारित की गई। बैठक में पार्षदों ने सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं के मुद्दे को भी गंभीरता से उठाया। निगम में देर शाम तक बोर्ड बैठक चलती रही। शुक्रवार को नगर निगम सभागार में बोर्ड महापौर शैलेंद्र रावत की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर निगम अधवक्ताओं का पैनल का गठन, सब्जी मंडी में विक्रेताओं को खोखे बनाकर आवंटन करने, क्षेत्र में जगह-जगह वाट कूलर लगाने, निराश्रित गोवंश को क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित करने, थैला मशीन संपूर्ण नगर क्षेत्र में लगाने, विद्यार्थियों हेतु पुस्तकालय का निर्माण करवाने, क्षेत्र में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की लगवाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बोर्ड बैठक में किन्नरों की मनमानी रोकने के लिए सगुन की राशि 2021 निर्धारित की गई। आवासीय/व्यवसायिक भवन नामांतरण शुल्क दो हजार रुपये किया गया। क्षेत्र में पार्किंग स्थलों को ठेके पर दिया जाएगा। मालवीय उद्यान पश्चिमी में व्यवसायिक कार्यक्रमों का शुल्क बढ़ाया जाएगा। जबकि, सामाजिक संस्थाओं के कार्यक्रम का शुल्क पूर्व की भांति ही रहेगा। पार्षदों ने ट्रेड लाइसेंस बनाने का टैंडर बाहरी व्यक्तियों को दिए जाने का भी विरोध किया। कहा कि इसके लिए पीआरडी के माध्यम से युवकों की भर्ती की जानी चाहिए। जिससे क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा, पार्षद जयप्रकाश ध्यानी, अनिल रावत, संजय भंडारी, हिमांशु वर्मा, नईम अहमद, सूरज प्रसाद कांति, सुभाष पांडेय, सौरभ नौटियाल, प्रवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### राइंकॉ बिलखेत में शिक्षकों की कमी, पठन-पाठन प्रभावित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अटल उत्कर्ष राजकीय इंटर कालेज बिलखेत में लंबे समय से शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं। इससे पठन-पाठन पर असर पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि 19 पदों के सापेक्ष 12 शिक्षकों के द्वारा ही अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है। हाल ही में स्कूल से हिंदी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी के तीन प्रवक्ताओं का यहां से तबादला हो चुका है। पीटीए प्रतिनिधि मंडल ने खंड शिक्षाधिकारी कल्जीखाल को ज्ञापन भेजकर जल्द शिक्षकों की तैनाती करने की मांग की है। स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष उषा देवी ने बताया है कि स्कूल में 95 छात्र-छात्राए अध्ययनरत हैं। कहा कि सरकार की अनदेखी के चलते इंटर कॉलेज आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। कहा कि सरकार ने स्कूल को उत्कर्ष आदर्श विद्यालय तो घोषित कर दिया, लेकिन बिना शिक्षकों के बच्चे अन्यत्र पलायन करने को मजबूर हैं। तीन वर्षों से स्थाई प्रधानाचार्य का पद भी रिक्त चल रहा है। अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार जल्द शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करें। प्रभारी प्रधानाचार्य ने बताया कि शिक्षकों की तैनाती को शासन को कई बार पत्र लिख जा चुका है, लेकिन अभी तक रिक्त पदों पर तैनाती नहीं हो पाई है।

# पूर्व सैनिकों ने किया आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पहलगाम आतंकी हमले से देश भर में आक्रोश बना हुआ है। आतंकवादी हमले को लेकर भूतपूर्व सैनिकों में भी आक्रोश व्याप्त है। पूर्व सैनिकों ने आतंकवादियों के इस कायराना हमले पर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग केंद्र सरकार से की।

पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने शुक्रवार को मुख्यालय पौड़ी में कलेक्ट्रेट के समीप पुतला दहन कर आतंकवाद के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए घटना की निंदा की। प्रदर्शन के दौरान पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि धर्म पूछ पूछकर जिस प्रकार से पर्यटकों के ऊपर गोलियां बरसाई गई आतंकवादियों की इस कायराना करतूत से खून खौलता है। इस मौके पर पूर्व सैनिकों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार घटना को लेकर संजीदा है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो पूर्व सैनिक भी जंग लड़ने को तैयार हैं। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, अतुल सिंह, सत्यवान सिंह, कुलदीप सिंह, सूबेदार, सोहन सिंह, जेपी डोभाल, संतान सिंह, जोगिंदर सिंह, अरविंद पटवाल, हर्ष सिंह, राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र सिंह नेगी, सुरेंद्र सिंह, सचिन, नरेंद्र, विजय सिंह, सते सिंह, नरेंद्र, गणेश चंद्र भट्ट आदि शामिल रहे।

# हेमवती नंदन बनना आसान नहीं : बहुगुणा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा की 106वीं जयंती पर गढ़वाल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। हर वर्ष की भांति गढ़वाल विश्वविद्यालय में हिमपुत्र स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा के जन्मदिवस पर उनकी स्मृति में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

स्वर्गीय हेमवती नंदन के पौत्र सौरभ बहुगुणा ने श्रीनगर पहुंचने पर गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक प्रांगण में हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। एसीएल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने दादा हेमवती नंदन की कई स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि वे सिद्धान्तों के साथ कभी समझौता नहीं करते थे, जो हम सबके लिए प्रेरणास्प्रद है।

उतराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों का विकास उनकी प्राथमिकता थी इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए पर्वतीय विकास मंत्रालय की स्थापना की। कहा कि उन्होंने 'पर्वत टूट सकते हैं, लेकिन झुक नहीं सकते जैसे नारे देकर जनसरोकार की भावना दिखाई।

मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उनके पदचिहनों पर चलना अपने जीवन का लक्ष्य बताया। युवाओं से विशेष अपील करते हुए मंत्री सौरभ ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और समृद्धि का जो सपना स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा ने देखा था वह हमें पूरा करना होगा। (एजेंसी)

### दुराल गांव में पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक के दुराल बूंगा के ग्रामीण पीने के लिए पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव में जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन तो लग हैं, लेकिन संबंधित द्वारा पानी का टैंक नहीं बनाया गया है। ग्रामीणों ने गांव के पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग जिला प्रशासन से की है। गुरूवार को दुराल गांव के ग्रामीणों ने डीएम पौड़ी आशीष चौहान को ज्ञापन दिया। इस दौरान ग्रामीण दिलबर सिंह, नरेंद्र सिंह, जगमोहन सिंह, दीपक असवाल आदि ने कहा कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत 35 कनेक्शन पानी के लगाए गए हैं। लेकिन आज तक नलों में पानी नही आया है। जिस वजह से लोगों को गांव से एक किमी. दूर दूसरे गांव से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। बताया कि योजना के तहत गांव में पानी टैंक बनाया जाना था, लेकिन अभी टैंक का निर्माण कार्य नहीं किया गया, जिस वजह से पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने डीएम से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में बीना देवी, लीला देवी, रामेश्वरी देवी, नरेंद्र आदि शामिल रहे।

# बेहतर भविष्य के लिए बच्चों को मिलेगी हर संभव मदद

### जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने अनुसूचित जनजाति बोक्सा समुदाय के बच्चों से की मुलाकात


जिलाधिकारी के समक्ष अपनी बात रखती छात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कोटद्वार में अनुसूचित जनजाति बोक्सा समुदाय के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करने और मार्गदर्शन देने का काम शुरू कर दिया है।

इस क्रम में उन्होंने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग और सामान्य काउंसलिंग के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे महीने में कम से कम दो बार इन बच्चों से मिलें और उनके पठन-पाठन की स्थिति की जानकारी लें। बताया कि अभी तक 22 बच्चों की कैरियर काउंसलिंग की गई है। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक कठिनाई हो रही है, उन्हें हरसंभव सहायता दी जाए, ताकि वे बिना किसी रूकावट के पढ़ाई कर सकें और आगे चलकर अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जो बच्चे सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं और उन्हें कोचिंग की आवश्यकता है, तो उन्हें कोटद्वार में ही कोचिंग उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कोचिंग संस्थानों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए, साथ ही संबंधित अधिकारियों को बोक्सा जनजाति के बच्चों को सरकारी सेवाओं में स्थान बनाने के लिए प्रेरित करने को भी कहा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, अधिशासी अभियंता लोनिवि दुगड्डा निर्भय सिंह, एसडीओ नंदिता, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, खंड विकास अधिकारी दुगड्डा विद्यादत्त रतूड़ी, बाल विकास परियोजना अधिकारी नेहा बेलवाल और सहायक नगर आयुक्त अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# थलीसैंण में पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंका


थलीसैंण बाजार में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों को गोली मारे जाने की घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने थलीसैंण बाजार में प्रदर्शन कर आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला फूंका। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। सरकार से निर्दोष, निहत्थे पर्यटकों की गोलियां मारकर हत्या करने वाले आतंकियों, उनको शरण देने वाले और आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने थलीसैंण बस अड्डे चौराहे पर आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर चौराहे पर दो मिनट का मौन रखकर पहलगांव में हुई आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डॉ. सत्येंद्र सेमवाल ने कहा कि हमले के दोषी आतंकियों को करारा जवाब दिया जाय। इस मौके पर थलीसैंण भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जेपी मंमगाई, नगर पंचायत सभासद दिलीप सिंह नेगी, वीरमणि पोखरियाल, जय सिंह रावत, योगेश मंमगाई, राकेश मंमगाई, उज्जवल सिंह, रोशन सिंह, स्वरूप सिंह, नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे। वहीं व्यापार मंडल थलीसैंण ने ब्लाक सभागार में शोक सभा कर पहलगांव में आंतकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पदाधिकारियों ने कहा कि हमले की दोषी आतंकियों को करारा जवाब दिया जाय।

### जयंती पर एचएन बहुगुणा को श्रद्धांजलि दी

नई टिहरी । एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल में अविभाजित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व. हेमंती नंदन बहुगुणा की 106वीं जयंती पर परिसर कार्मिकों ने श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को शिक्षकों और कर्मचारियों उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रो. बौड़ाई ने कहा कि हिमालय पुत्र के नाम से विख्यात स्व. बहुगुणा को उनके कार्यों, व्यवहार और जनता के प्रति उनके समर्पण की भावना के लिए सदैव याद किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन की स्थापना और संचालन हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 16.05.2025 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1233/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी. ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा बैटरी ऑपरेट व्हीकल, वाणिज्य विज्ञापन, रेल कोच रेस्टोरेंट तथा एटीएम के कॉन्ट्रैक्ट को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियां website www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.05.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1229/2025 कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उ०रे०, मुरादाबाद

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### गुमशुदा नाबालिग 10 घंटे के अन्दर सकुशल बरामद

देहरादून। गोरखपुर चौक शक्ति विहार थाना पटेल नगर देहरादून निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली पटेलनगर पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनकी नाबालिग बहन उम्र 13 वर्ष के परीक्षा में फेल होने पर उनके द्वारा उसे डांट दिया था, जिस पर वह उनसे नाराज होकर घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसे उनके द्वारा आस–पास के क्षेत्रों में ढूंढने का काफी प्रयास किया गया किन्तु उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत एसएसपी के निर्देशों पर नाबालिक बच्ची की बरामदगी हेतु तत्काल थाना पटेलनगर पर टीम गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आस–पास लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से गुमशुदा नाबालिग के जाने वाले रास्ते के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गयी तथा व्हाट्सएप के माध्यम से गुमशुदा बच्ची की फ़ोटो को सर्कुलेट कर आस पास के थानों को बच्ची की तलाश हेतु अवगत कराया गया। साथ ही सुरागरसी पतारसी करते हुए पुलिस टीम द्वारा मैनुअल पुलिसिंग की सहायता से गुमशुदा नाबालिग के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, तो गुमशुदा बच्ची के शिमला बायपास क्षेत्र में देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बच्ची को शिमला बाईपास रोड से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### विद्यालयों के कोटिकरण की विसंगतियां होंगी दूर: डॉ. धन सिंह

देहरादून। विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालयों के कोटिकरण की विसंगतियों को दूर किया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को कोटिकरण के ठीक से जांच पड़ताल करने के निर्देश दिये गये हैं। विद्यालयों में लम्बे समय से गायब चल रहे शिक्षकों व कर्मचारियों को बर्खास्त करने को भी अधिकारियों को कहा गया। इसके अलावा विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें समय पर पहुंचाने और छात्र–छात्राओं को वितरित करने के निर्देश भी बैठक में दिये गये।सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरूवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में शिक्षा विभाग की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें विभागीय उच्चाधिकारी सहित गढ़वाल मंडल के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में डॉ. रावत ने विद्यालयों के कोटिकरण विसंगतियों पर भारी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्ममों से उन्हें विद्यालयों के गलत कोटिकरण की शिकायत मिली है, जिसका पुनः परीक्षण किया जाना जरूरी है। इसके लिये उन्होंने महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को प्रकरण की जांच कर मानकानुसार विद्यालयों के कोटिकरण करने के निर्देश दिये।

### पटेलनगर क्षेत्र में पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

देहरादून। अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों तथा अन्य जनपदों/प्रदेशों से आकर देहरादून में रहने वाले व्यक्तियों के सत्यापन किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांकः 25–04–25 को कोतवाली पटेलनगर क्षेत्रान्तर्गत मुस्लिम कालोनी में दून पुलिस द्वारा सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में निवासरत बाहरी व्यक्तियों/ किरायेदारों के सत्यापन की कार्रवाई की गई तथा किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले 35 भवन स्वामियों का 83 पुलिस एक्ट के अन्तर्गत चालान करते हुए 3,50,000/– रू0 का जुर्माना किया गया।

### डीएफओ ने ग्रामीणों के हक हकूक किए बहाल

उत्तरकाशी। अपर यमुना वन प्रभाग बड़कोट के अंतर्गत वन विभाग द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग के अनुरूप डीएफओ रविन्द्र पुंडीर द्वारा तीन साल का अवशेष हक–हकूक फ्री ग्रांट आवंटन को लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं तथा सभी रेंज क्षेत्रों में शीघ्र छपान की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस सकारात्मक कार्यवाही को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक संजय डोभाल से मिलकर उनका आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। अपर यमुना वन प्रभाग के अंतर्गत क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलने वाले हकहकूकों के तहत फ्री ग्रांट तथा देवदार की पीडी ग्रामीणओं को बीते कुछ सालों से नहीं मिल पा रही थी। जिस पर यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएफओ को मिलकर ग्रामीणों के हक हकूक बहाल करने की मांग की थी ।

# पुलिस ने मकान और रिजॉर्ट मालिकों पर लगाया तीन लाख का जुर्माना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले की पुलिस लगातार सत्यापन अभियान चला रही है। अभियान के दौरान किरायेदारों और कर्मचारियों का सत्यापन न कराने वाले मकान और रिजॉर्ट मालिकों के चालान काटे जा रहे है।



शुक्रवार को लक्ष्मणझूला पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर 30 मकान और रिजॉर्ट मालिकों पर तीन लाख का जुर्माना लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जिन मकान मालिकों और रिजॉर्ट स्वामियों के द्वारा अपने यहां रह रहे किरायेदारों और कामगार का सत्यापन अभी तक नहीं कराया गया है वह जल्द ही थाना कार्यालय लक्ष्मणझूला में आकर सत्यापन अवश्य करवा ले। यदि कोई मकान मालिक और रिजॉर्ट स्वामी सत्यापन की कार्यवाही में विलम्ब करता है तो ऐसे मकान मालिक और रिजॉर्ट स्वामी के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह के द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में वृहद स्तर पर बाहरी लोगों का सत्यापन करने के निर्देश दिए गये है। साथ ही एसएसपी द्वारा लक्ष्मणझूला क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवस्थापित रिजॉर्ट में काम करने वाले कामगारों के सत्यापन करने के लिए थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला को निर्देशित किया गया है। जिसके तहत शुक्रवार को थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला के द्वारा सात टीमों का गठन कर थाना क्षेत्र में वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा द्वारा बाहरी क्षेत्रों से आकर मोहनचट्टी, घुटूघाट, कुनाऊ जोंक गांव और नीलकंठ क्षेत्र में बने रिजॉर्ट्स और मकानों में रहने वाले बाहरी लोगों की जानकारी जुटाई गई। थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला संतोष पैथवाल ने बताया कि अभियान के दौरान नीलकंठ क्षेत्र में 03, मोहनचट्टी क्षेत्र में 06, किरमोला क्षेत्र में 02, स्वर्गाश्रम जोंक गांव में 06, घट्टू घाट क्षेत्र में 05, लक्ष्मणझूला कस्बा में 04 तथा चीला क्षेत्र में 04 रिजॉर्ट स्वामी और मकान मालिक के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर तीन लाख का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा के दृष्टि से बाहरी क्षेत्रों से आये कामगार और किरायेदारों का सत्यापन जरूरी है, जिससे बाहरी क्षेत्रों से आकर थाना क्षेत्र में रह रहे असामाजिक और अपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को पुलिस के द्वारा समय से चिन्हित करते हुए कानूनी कार्यवाही की जा सके। सत्यापन अभियान में उपनिरीक्षक लक्ष्मण कुंवर, अभिनव शर्मा, हेमकांत, सुरेंद्र, मनोज अशोक, विनोद चमोली, भानु प्रताप, हेड कांस्टेबल राजबीर, प्रेमचंद, निर्मल, देवेंद्र और राजीव शामिल थे।

# यात्रियों को दिखाई जाएगी रामायण, महाभारत, चारधाम यात्रा संबंधी कहानियां

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से यात्रियों के लिए भजन, रामायण, महाभारत, चारधाम यात्रा संबंधी कहानियों एवं आरतियों को दिखाया जाएगा। साथ ही मौसम संबंधित जानकारियां उपलब्ध करायी जायेगी।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को ऋषिकेश में चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप (यात्रा रजिस्ट्रेशन कार्यालय) के औचक निरीक्षण के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने आगामी चारधाम यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में पंजीकरण कक्ष, यात्रा पूछताछ एवं सहायता केंद्र, चिकित्सालय, पुलिस सहायता/खोया पाया केंद्र जैसी विभिन्न व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चार धाम यात्रा से पहले ट्रांजिट कैंप में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को 24 घंटे चालू रखी जाए। कहा कि ट्रांजिट कैंप में पुलिस, परिवहन, नगर निगम, स्वास्थ्य, जल, पर्यटन, विद्युत आदि विभागों का संयुक्त हेल्पडेस्क सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में बनाया जाए, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि हमने श्रद्धालुओं का सहयोगी बनकर यात्रा को सफल बनाना है, जिससे हर श्रद्धालु की यात्रा सकुशल सम्पन्न हो एवं वे उत्तराखंड से यात्रा के अच्छे अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था हो एवं गर्मी से बचाव के लिए कूलर, स्वच्छ पेयजल, टीन शेड, कुर्सियों की व्यवस्था की जाएं।

# जयन्ती पर पूर्व सीएम स्व. बहुगुणा को किया याद



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती के अवसर पर घंटाघर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा ने राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किये। उनका जीवन बहुत संघर्षमय था, लेकिन वे हिमालय की तरह अडिग थे। उनका पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास का एक स्पष्ट विज़न और चिंतन था। उन्हें अपनी संस्कृति और सभ्यता से गहरा लगाव था। विलक्षण प्रतिभा और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के बल पर उन्होंने भारतीय राजनीति में एक विशिष्ट पहचान बनाई। पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक उमेश शर्मा काऊ श्रीमती सविता कपूर, मेयर सौरभ थपलियाल ने भी हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

# मलेरिया से बचाव व रोकथाम को लेकर किया जागरूक

## विश्व मलेरिया दिवस पर गोष्ठी का किया आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन' के तत्वावधान में विश्व मलेरिया दिवस पर गोष्ठियों का आयोजन कर मलेरिया के लक्षण व उससे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं को मलेरिया रोग से बचाव से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

'विश्व मलेरिया दिवस' के अवसर पर विभाग की जिला स्तरीय टीम द्वारा राजकीय इंटर कालेज पठालीधार में जागरूकता गोष्ठी व किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। जागरूकता गोष्ठी में ऐपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शाकिब हुसैन ने कहा कि मलेरिया का मच्छर साफ पानी में ठहरता है, लिहाजा मलेरिया से बचाव के दृष्टिगत घरों के आसपास पानी जमा न होने दें।



उन्होंने पानी से भरे गड्ढों को मिट्टी से भरने, पानी के बर्तन व टंकी को ढक कर रखने, नालियों में पानी न रुकने देने, नियमित सफाई करने, दरवाजों में जाली का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ठंड के साथ बुखार आना, सिरदर्द होना, जी मिचलाना, कमजोरी महसूस होना, भूख न लगना आदि मलेरिया बुखार के लक्षण हैं। उन्होंने मलेरिया के लक्षण प्रतीत होने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल निकटतम चिकित्सा केंद्र में संपर्क करने की अपील की। प्रधानाचार्य मो. आसिफ द्वारा छात्र–छात्राओं को मलेरिया रोकथाम के लिए गोष्ठी में बताए गए उपयों पर अमल करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। गोष्ठी के उपरांत विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य दिवस का भी आयोजन किया गया, जिसमें काउंसलर आरकेएसके द्वारा 54 बच्चों की बीएमआई जांच तथा हिमोग्लोबिन जांच की गईं, जिसमें से तीन बच्चों के एनेमिक पाए जाने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर किया गया।

# ट्रांजिट कैंप परिसर में बिकेंगे उत्तराखंड उत्पाद

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को ट्रांजिट कैंप में स्थापित रिसेप्शन में चारधाम यात्रा प्रचार सामग्री उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को चार धाम के साथ ही अन्य स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाए। उन्होंने ट्रांजिट परिसर में स्थापित खोया-पाया केंद्र को संपूर्ण यात्रा मार्गों से समन्वय बनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांजिट कैंप परिसर में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए अलग से स्थान हो। कहा कि ट्रांजिट कैंप परिसर का चार धाम से संबंधित सभी जिलों में परस्पर समन्वय हो। इस मौके पर आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे ने बताया कि चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में 24 काउन्टर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त रिर्जव टीम की तैनाती भी की गई है। यात्रा चिकित्सालय में 24 घंटे चिकित्सा



सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही पुलिस सहायता केन्द्र में पुलिस द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया गया है। आयुक्त गढ़वाल ने बताया कि यात्रा ट्रांजिट कैंप में मीडिया सेंटर की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 4 डोरमेट्री सुविधा मय 80 बेड भी उपलब्ध है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक प्रेमचंद्र अग्रवाल, विधायक श्रीमती रेणु बिष्ट, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जल संस्थान के संविदा श्रमिकों की कई समस्याएं हुई हल

रुद्रप्रयाग । जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ शाखा रुद्रप्रयाग ने अपनी न्योचित मांग पूरी होने पर विधायक भरत सिंह चौधरी का किया धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया है। इसके लिए उन्होंने विधायक से मुलाकात की। जल संस्थान रुद्रप्रयाग में कार्यरत संविदा श्रमिक बीते लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। उनकी मांगों को अधिकारियों द्वारा लगतार अनसुना किया जा रहा था जिससे श्रमिकों में आक्रोश था। बीते 22 अप्रैल को श्रमिक संघ द्वारा विधायक भरत सिंह चौधरी के सम्मुख अपनी मांगे रखी गई। श्रमिकों की मांग पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए विधायक ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों का समाधन करने के लिए निर्देशित किया गया। श्रमिकों को कार्य के अनुसार न्यूनतम वेतन भुगतान, कार्यरत सभी श्रमिकों के ईपीएफ एवं ईएसआई की सुविधा देने, हर माह की 10 तारीख तक सभी श्रमिकों को वेतन का भुगतान उनके बैंक खातों में करने के लिए निर्देशित किया। इन सभी मांगो को विभागीय अधिकारियों द्वारा पूरा करने के लिए लिखित में आश्वासन दिया गया। श्रमिकों की न्योचित मांगे पूरी होने पर सभी श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने विधायक भरत सिंह चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

# डीएफओ नरेंद्रनगर में माणिकनाथ रेंज का किया निरीक्षण



नई टिहरी । डीएफओ नरेन्द्रनगर जीवन मोहन दगड़े व एसडीओ देवप्रयाग अनिल कुमार पैन्युली ने यहां माणिक नाथ रेंज का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में गुलदार से आम लोगों की सुरक्षा के लिए गश्त बढ़ाने व वनाग्नि की सूचना पर तत्काल टीम सहित मौके पर पहुंचने के निर्देश रेंजर को दिए। डीएफओ द्वारा व्यासी व देवप्रयाग क्रू–स्टेशन,वन्यजीवों की गतिविधियों की निगरानी हेतु लगाये गये एआई कैमरा,जीएसएम, कैमरा ट्रैप, एनाईडर, फॉक्स लाइट आदि का निरीक्षण किया। पिछले वर्ष गुलदार द्वारा एक छात्र को निवाला बनाने के बाद देवप्रयाग डिग्री कॉलेज मार्ग पर लगाए गए एआई कैमरे की उन्होंने जांच भी की। रेंजर एमएस रावत ने उन्हें वन क्षेत्र से जुड़ी जानकारियां दी। डीएफओ द्वारा तापमान में बढ़ोतरी से वनाग्नि के प्रति विशेष सजगता बरतने के निर्देश दिये।

# व्यापारियों पर टैक्स और लाइसेंस शुल्क बढ़ाने पर आपत्ति

रुद्रप्रयाग । व्यापारियों ने आर्थिक मंदी के दौर में नगर पंचायत द्वारा नगर निकायों में टैक्स लगाने को लेकर नगर पंचायत को पत्र लिखकर कहा कि इसमें किसी तरह की बढोतरी न की जाए। व्यापारियों को टैक्स और लाइसेंस शुल्क पर नया आर्थिक बोझ न डाला जाए। अगस्त्यमुनि नगर व्यापार संघ ने नगर पंचायत को पत्र लिखकर व्यापारियों की परेशानी को सामने रखा है। नगर व्यापार संघ अध्यक्ष त्रिभुवन नेगी ने कहा कि नए वित्तीय वर्ष से व्यापारियों पर यूजर चार्ज लगाया जा रहा है जबकि इससे पूर्व लाइसेंस शुल्क भी बड़ी राशि के साथ प्रतिष्ठानों से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाजार की आर्थिक मंदी, आनलाइन शापिंग के साथ–साथ किराए–भाड़े में बढ़ोतरी ने पहले से ही व्यापारियों की कमर तोड़ रखी है, जैसे–तैसे लोग गुजर–बसर कर रहे हैं। ऐसे में नगर निकायों के भारी भरकम लाइसेंस शुल्क और अब यूजर चार्ज ने उनकी चिंताए बढ़ा दी है। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष को पत्र सौंपकर व्यापारियों की समस्या पर कार्यवाही की मांग की। पत्र में उन्होंने यूजर चार्ज शुल्क को न्यूनतम रखने की मांग की है। नगर पंचायत में रहने वाले मजूदरों और फड़ फेरी वालों का भी लाइसेंस अनिवार्य रूप से बनाया जाए।

## कैंडल मार्च निकाल कर मारे गये पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

नई टिहरी । पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ में बीती गुरूवार देर शाम को विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों व व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

आतंकवादियों के द्वारा किए गए नरसंहार का जमकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी भी कर केंद्र सरकार से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। पाकिस्तान का विरोध करते हुए उसे आतंकवादी देश घोषित करने की मांग की है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार, कुलबीर रावत, महावीर सजवाण, एसपी लेखवार, रमेश रावत, श्याम सिंह असवाल, बच्चन सिंह रावत, शैलेंद्र नौटियाल, मनदेव रावत, शैलेंद्र रावत, सत्य प्रसाद सेमवाल आदि मौजूद रहे।

# नए वक्फ कानून से गरीब अल्पसंख्यकों को मिलेगा लाभ: गोयल

नई टिहरी । भाजपा की ओर से आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण कार्यशाला में वक्ताओं ने केंद्र सरकार के द्वारा वक्फ अधिनियम में संशोधनों की खूबियां गिनाई। कहा कि इस बिल के संशोधन होने से गरीब अल्पसंख्यकों को भी लाभ मिल सकेगा। कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही समाज के कमजोर वर्गों की उपेक्षा की है। उन्होंने कभी गरीबों के हित में काम नहीं किया है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष तौफीक अहमद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का पूर्व प्रदेश महामंत्री अनिल गोयल और प्रदेश



प्रवक्ता हन्नी पाठक ने शुभारंभ किया। अनिल गोयल ने वक्फ संशोधन बिल की अच्छाइयां गिनाई। कहा कि अधिनियम वक्फ प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने,मनमाने ढंग से संपत्ति अधिग्रहण को रोकने,धार्मिक स्वतंत्रता और समानता से संबंधित संवैधानिक चिंताओं को दूर करने के लिए बनाया गया है। साथ ही वक्फ की संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी। प्रदेश प्रवक्ता हन्नी पाठक ने कहा कि वर्तमान में प्रभावशाली लोगों ने वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा कर मॉल,होटल से लेकर निजी हित के लिए अन्य व्यावसायिक निर्माण कर दिया है। जिससे जिस उपयोग के लिए संपत्तियों का उपयोग होना था, वह नहीं हो पा रहा है। गरीब अल्पसंख्यक व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

जिलाध्यक्ष उदय रावत, कार्यक्रम संयोजक विनोद रतूड़ी ने भी वक्फ संशोधन बिल की खुशियां गिनाते हुए कार्यकर्ताओं से जन जागरण के माध्यम से लोगों को जानकारी देने की अपील की। कहा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल संशोधन बिल को लेकर भ्रम पैदा कर रही है।

# अफसर यात्री व्यवस्थाओं को 30 अप्रैल तक पूरा करें : डीएम

## जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : बद्रीनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बदरीनाथ धाम में संचालित मास्टर प्लान के कार्यों और यात्रा तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मास्टर प्लान के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने और धाम के मार्गों से निर्माण सामग्री को हटाने के निर्देश दिए। साथ जल संस्थान, ऊर्जा निगम और नगर पंचायत के अधिकारियों को सभी यात्री सुविधाओं को समय से दुरस्त करने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मास्टर प्लान के कार्यों का निरीक्षण करते हुए ब्रह्म कपाल, रिवर फ्रंट, आस्था पथ, अराइवल प्लाजा, दर्शन लाइन, पंजीकरण काउंटर, सीवर लाइन निर्माण कार्य के साथ अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वेब कॉस के अधिकारियों को ब्रह्म कपाल से गांधी घाट तक किए जा रहे सुरक्षा कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीआईयू के अधिकारियों को नदी के बहाव को सुव्यवस्थित करने के आदेश दिए। ताकि नदी का जल स्तर बढ़ने पर ब्रह्म कपाल में तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इस के साथ ही उन्होंने धाम में यात्री सुविधाओं को लेकर उप जिलाधिकारी से विस्तृत जानकारी ली। उप जिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ट ने बताया कि धाम में बिजली, पानी और संचार सुविधा सुचारू



कर ली गई है। वहीं धाम पहुंचे व्यापारियों और अन्य लोगों के बिजली और पानी के कनेक्शन का संयोजन भी शुरू कर लिया गया। उन्होंने बताया कि धाम सुलभ इंटरनेशनल की ओर से शौचालयों को दुरुस्त करने का कार्य अंतिम चरण में है। शौचालयों को सोमवार तक यात्रियों के उपयोग के तैयार कर लिया जाएगा। बताया गया कि धाम के आंतरिक मार्गों का सुधारीकरण भी तेजी से किया जा रहा है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि नगर सफाई की व्यवस्था को लेकर पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है। साथ ही धाम में क्षतिग्रस्त पैदल मार्गों का सुधारीकरण किया जा रहा है। जिसका कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। पुलिस की ओर से धाम में थाने का संचालन शुरू कर दिया गया है।

पुलिस की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी बताया कि धाम में किसी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम तैनात की गई है। कहा कि शेष व्यवस्थाओं को लेकर तेजी से कार्य करते हुए जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। बताया कि धाम की सड़क और पैदल मार्गों पर साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। जिससे तीर्थयात्रियों को आवाजाही में परेशानियों का सामना न करना पड़े। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता सुशील सैनी ने बताया कि जल आपूर्ति सुचारू करने के साथ किसी प्रकार की समस्या से निपटने के लिए धाम में टैंकरों की तैनाती की गई है। जिससे यात्रा के दौरान पानी की सुचारू सप्लाई की जा सकेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उपजिलाधिकारी जोशीमठ सीएस वशिष्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता, पीआईयू के सहायक अभियंता सन्नी पालीवाल सहित यात्रा व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद थे।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com